Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 18-03-2005

Participants : Thummar Shri Virjibhai

>

Title: Need to lay a Broad Gauge railway line in Saurashtra and open more computerised reservation counters in Amreli district of Gujarat.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : आजादी के 57 साल बीत जाने के बाद भी सौराट्र क्षेत्र के लोग विशो कर मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली के लोग रेल की सुविधा से अभी तक वंचित हैं । यहां पर अभी तक छोटी रेलवे लाइन है जिसके कारण अन्य राज्यों से इस क्षेत्र में कोई सीधी रेल सेवा नहीं है । जबकि यहां पर कई छोटे बंदरगाह हैं । वहां से भारत में अन्य राज्यों को समुद्र मार्ग से माल भेजा जा सकता है, परन्तु ब्राडगेज लाइन न होने के कारण इन बंदरगाहों का पूरा उपयोग नहीं किया जा रहा है और लोगों को अन्य राज्यों को आने-जाने में कई रेल सवारी बदलनी पड़ती हैं । इस क्षेत्र के रेलवे विकास हेतु विशो ध्यान देना होगा । साथ ही साथ अमरेली में एक ही कम्प्यूटराइज रेलवे आरक्षण सुविधा है । इस कम्प्यूटराइज्ड रेल वे आरक्षण हेतु अमरेली जिले के राजूला एवं साबरकुडला तालुकाओं में सुविधा उपलब्ध करवाई जाए । पिपावा बंदरगाह में बड़ी रेलवे लाइन बिछी हुई हैं, परन्तु अभी तक इसका उपयोग नहीं किया जा रहा है ।

सदन के माध्यम से केंद्र सरकार से अनुरोध है कि सौराट्र क्षेत्र में रेलवे विकास हेतु विशो ध्यान दिया जाए एवं अमरेली जिले के राजूला एवं साबरकुला तालुकाओं में एक-एक कम्प्यूटराइज्ड रेलवे आरक्षण केंद्र शीघ्र खोले जाएं ।